भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **3072**
दिनांक 11 जुलाई , 2019 / 20 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

## तमिलनाडु के उलूंडरपेट में विमानपत्तन

**3072. श्री डी॰ रविकुमार:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :
(क) क्या सरकार का तमिलनाडु के विलुपुरम जिले में उलूंडरपेट में विमानपत्तन स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ख) क्या वहां की हवाई पट्टी का उपयोग करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

## नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) (श्री हरदीप सिंह पुरी )

(क) तथा (ख): नागर विमानान मंत्रालय ने 4500/- करोड़ रूपए की बजटीय सहायता के माध्यम से राज्य सरकारों, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, सिविल इन्कलेवों और केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसयू) के असेवित तथा अल्प-सेवित हवाईअड्डों/ हवाईपट्टियों, हेलीपैडों के जीर्णोद्धार के द्वारा क्षेत्रीय सम्पर्कता के संवर्धन के लिए वर्ष 2016 में क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना (आरसीएस)- उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) आरंभ की है। उलूंडरपेट में मौजूदा हवाईपट्टी आरसीएस योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध है। तथापि, आरसीएस मांग आधारित योजना है और तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले के उलूंडरपेट में हवाईअड्डे के प्रचालनीकरण को लिए एयरलाइन प्रचालकों से कोई मांग प्राप्त नहीं हुई है। नेवेली हवाईपट्टी (आरसीएस-उड़ान योजना के अंतर्गत) से उड़ाने आरंभ करने के लिए बोलियां प्राप्त हुईं थी, जो उलूंडरपेट हवाईपट्टी से मात्र 24 किमी की वैमानिक दूरी पर स्थित है।

*****